विशेष सचिव, मत्स्य विभाग की अध्यक्षता में मत्स्य विभाग, उ0प्र0 के द्वारा मण्डलीय अधिकारियों की माह मई 2017 की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

---

दिनांकः 06 जून 2017 समयः अपरान्ह 11:00 बजे
स्थानः मत्स्य चेतना केन्द्र, मत्स्य निदेशालय, लखनऊ।

दिनांक 06 जून 2017 को अपरान्ह 11:00 बजे मत्स्य निदेशालय में स्थित मत्स्य चेतना केन्द्र, के सभागार में विशेष सचिव मत्स्य महोदय की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी जिसमें अनुसचिव मत्स्य, अनुभाग अधिकारी, मत्स्य उत्पादन अनुभाग के अतिरिक्त श्री एस0के0सिंह, संयुक्त निदेशक मत्स्य सहित निदेशालय के अधिकारीगण, मुख्य महाप्रबन्धक, उ0प्र0मत्स्य विकास निगम लि0, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0मत्स्य जीवी सहकारी संघ तथा मुरादाबाद, बरेली, बनारस, इलाहाबाद, सहारनपुर मण्डल के उपनिदेशकों को छोड़कर शेष 13 मण्डलों के विभागीय उपनिदेशकों ने प्रतिभाग किया।

उक्त समीक्षा में मा0मुख्यमंत्री जी के समक्ष दिनांक 07.04.2017 को हुए विभागीय प्रस्तुतीकरण में दिये गये आदेश/निर्देशों के कम में मा0मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार आगामी सौ दिनों की प्रस्तावित कार्ययोजना हेतु निर्धारित लक्ष्यों को पूर्ण करने तथा वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने की रणनीति पर विस्तृत चर्चा करते हुए निर्देशित किया गया कि 09 जून से मा0मुख्यमंत्रीजी द्वारा विभागवार प्रस्तावित समीक्षा के दृष्टिगत लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिष्चित की जाये। मा0मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार आगामी सौ दिनों की प्रस्तावित कार्ययोजना हेतु निर्धारित लक्ष्यों की उपलब्धि की सूचना निर्धारित 03 प्रारूपों पर दी जानी है एवं 26 जून 2017 तक 100 दिनों के लक्ष्यों को शत्प्रतिशत् पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। माह मई 2017 तक विभिन्न विभागीय योजनाओं/कार्यकमों की प्रगति के संबंध में निम्नवत् समीक्षा की गयी।

1– नीली कान्ति योजनाः–

उक्त योजनान्तर्गत मा0मुख्यमंत्री जी की अपेक्षानुसार आगामी सौ दिनों की प्रस्तावित कार्ययोजना में इन्फ्रास्ट्रक्चर मद में मत्स्य विकास कार्यकमों में समस्त परियोजनाओं यथा - आटोरिक्शा, मोटरसाईकिल, साइकिल, लघु फीडमिल, कार्प हैचरी की स्थापना व सोलर पावर एक्वाकल्चर की प्रगति के संबंध में विशेष सचिव मत्स्य, उ0प्र0शासन द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त समस्त परियोजनाओं को दिनांक 15 जून तक अवष्य पूर्ण कर ली जायें और इससे सम्बन्धित लाभार्थी का फोटोग्राफ, वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति तथा आइस बाक्स पर नीली कान्ति योजना का अंकन के विवरण सहित तत्काल ईमेल एवं व्हाटसएप पर प्रेषित करते हुए निदेशालय पर उपलब्ध करवाना सुनिष्चित करें। जनपद संतकबीरनगर में बाइसिकल विद आइस बाक्स के सापेक्ष्य वर्ष 2016–17 में आठ बाइसिकल की समर्पित धनराशि पुनर्वैध कराते हुए पुनः उपलब्ध करायी जा रही है। उप निदेशक मत्स्य, बस्ती को निर्देशित किया गया कि 15 जून 2017 तक लाभार्थी चयनित करते हुए तत्काल बाइसिकल विद आईस बाक्स का वितरण सुनिष्चित करें। बजट निर्गत होने की प्रकिया में है अतः विलम्ब न किया जाये।